# आनंदालय

## वार्षिक परीक्षा

## कक्षा : नौवीं

विद्या सर्वार्थ साधिका

विषय : हिंदी'ब (085) | अधिकतम अंक : 80

दिनांक: 22-02-2025 | निर्धारित समय : 3 घंटे

सामान्य निर्देश:

1) प्रश्न पत्र चार खण्डों में विभक्त है : 'क', 'ख', 'ग' और 'घ'
2) दिए गए निर्देशों को बहुत सावधानी से पढ़िए और उनका पालन करते हुए प्रश्नों के उत्तर दीजिए ।
3) चारों खंड में कुल 15 प्रश्न दिए गए हैं ।
4) यथासंभव चारों खंड के प्रश्नों के उत्तर क्रमशः लिखिए ।
5) वस्तुपरक प्रश्नों की क्रम संख्या व चयनित उत्तर पूर्ण व स्पष्ट रूप से लिखना आवश्यक है ।

**खंड- 'क'**

1. निम्नलिखित गदयांश को ध्यानपूर्वक पढ़कर निर्देशानुसार उत्तर लिखिए -

सूरज हमारी ऊर्जा की सारी कमियों को पूरा कर सकता है। यह एक विशाल रिएक्टर जैसा है। वैज्ञानिकों का प्रयास है कि कृत्रिम सूरज को धरती पर बनाया जाए । इसके लिए ये फ़्यूज़न तकनीक पर काम कर रहे हैं । सूर्य की चमक इंसानों के लिए हजारों साल से आश्चर्य की वजह रही है। लेकिन करीब सौ साल पहले नई खोज द्वारा पता चला कि सूर्य की बेशुमार ऊर्जा का कारण न्यूक्लियर फ़्यूज़न है। फिर वैज्ञानिकों ने सोचा कि अगर धरती पर उसी तरह का फ़्यूज़न कराया जाए जो सूर्य में हो रहा है तो बहुत कुछ बदल जाएगा और लोगों को ऊर्जा मिल जाएगी। आज दुनिया के सबसे बड़े न्यूक्लियर फ़्यूज़न रिएक्टर में ईंधन परीक्षण को शुरू कर दिया गया। वैज्ञानिकों की एक टीम फ्रांस में फ़्यूज़न रिएक्टर को ताकत देने के लिए हाइड्रोजन के एक अत्यंत दुर्लभ रूप की क्षमता का परीक्षण कर रहे हैं। अगर उनका यह परीक्षण सफल होता है तो इससे दुनिया को क्लीन एनर्जी का एक बहुत बड़ा जरिया मिल जाएगा। इससे न केवल जीवाश्म इंधनों पर निर्भरता घटेगी, बल्कि पर्यावरण को भी लाभ होगा। न्यूक्लियर फ़्यूज़न लंबे समय तक वातावरण में मौजूद रहने वाले रेडियोधर्मी अपशिष्ट उन्नत नहीं करता। यह अक्षय ऊर्जा से भी अधिक विश्वसनीय ऊर्जा स्रोत है । नाभिकीय संलयन द्वारा उत्पन्न ऊर्जा मानव जाति की लंबे समय से चली आ रही खोजों में सबसे महत्त्वपूर्ण है, क्योंकि यह तुलनात्मक रूप से काफी स्वच्छ है, अर्थात यह कम कार्बन का उत्सर्जन करती है, साथ ही यह तकनीकी दक्षता के साथ 100 फ़ीसदी स्वच्छ भी है ।

(i) उपर्युक्त गदयांश की विषयवस्तु है - (1)

(क) सौर ऊर्जा    (ख) स्वच्छ ऊर्जा

(ग) नाभिकीय ऊर्जा    (घ) रेडियोधर्मी ऊर्जा

(ii) निम्नलिखित कथन (A) तथा कारण (R) को ध्यानपूर्वक पढ़िए और दिए गए विकल्पों में से कोई एक विकल्प चुनकर लिखिए :- (1)

कथन (A) - न्यूक्लियर फ़्यूज़न सौर ऊर्जा से भी विश्वसनीय ऊर्जा स्रोत है ।

कारण (R) - इससे दुनिया को स्वच्छ ऊर्जा प्राप्त होगी ।

(क) कथन (A) सही है, किंतु कारण (R) गलत है ।

(ख) कथन (A) और कारण (R) दोनों गलत है ।

(ग) कथन (A) सही है और कारण (R) उसकी की सही व्याख्या करता है ।

(घ) कथन (A) गलत है, किंतु कारण (R) सही है ।

(iii) वैज्ञानिकों द्वारा कृत्रिम सूरज को धरती पर बनाने के पीछे कारण है - (1)

(क) ऊर्जा की कमी दूर करने के लिए (ख) पर्यावरण लाभ के लिए

(ग) प्राकृतिक ऊर्जा संग्रह के लिए (घ) फ़्यूज़न तकनीक को सिद्ध करने के लिए

(iv) सूर्य को असीमित ऊर्जा का स्रोत क्यों माना जाता है ? (2)

(v) नाभिकीय ऊर्जा जीवाश्म इंधनों से किस प्रकार भिन्न है ? (2)

2 निम्नलिखित गद्यांश को ध्यानपूर्वक पढ़कर निर्देशानुसार उत्तर लिखिए-

दुनिया में इस समय दिन दूनी, रात चौगुनी गति से प्रगति हो रही है । कुछ समय पहले तक असंभव सी लगने वाली चीज़ें आज प्रौद्योगिकी की मदद से सरलता से परिणाम तक पहुँच रही हैं | एक समय संगणक के विकास में प्रौद्योगिकी के क्षेत्र में क्रांतिकारी बदलाव किया था । अब कृत्रिम बौद्धिकता ने चिकित्सा से लेकर हथियारों के निर्माण तक हर क्षेत्र में कंप्यूटर और रोबोट के प्रयोग को नया आयाम दिया है । पारंपरिक कंप्यूटर की दुनिया में इस प्रगति के समानान्तर एक और अनुसंधान चल रहा है,जिसका नाम है 'क्वांटम कंप्यूटिंग यानि अतिसूक्ष्मता का विज्ञान । भारत ने भी अब इस क्षेत्र में गति लाने का ऐलान कर दिया है । भौतिक-शास्त्र के क्वांटम सिद्धांत पर काम करने वाली इस कंप्यूटिंग में असीमित संभावनाएँ देखी जा रही हैं । शोध के लिहाज से यह विषय किसी के लिए भी रुचि का विषय हो सकता है । विशेषज्ञों के अनुसार एक पूर्ण विकसित क्वांटम कंप्यूटर की क्षमता सुपर कंप्यूटर से भी ज्यादा आँकी जा रही है । इस क्वांटम कंप्यूटिंग या मेकैनिक्स की खास बात यह है कि इसकी शुरुआत के बाद भारतीय और पश्चमी वैज्ञानिक मान रहे हैं कि भारतीय भाववादी सिद्धान्त को जाने बिना कण में चेतना का आकलन नहीं किया जा सकता । क्वांटम भौतिकी और कृत्रिम बौद्धिकता एक तरह से चेतना के भाववादी सिद्धांत को ही अस्तित्व में लाने के उपाय हैं ।

(i) उपर्युक्त गद्यांश किस विषयवस्तु पर आधारित है ? (1)

(क) कृत्रिम बौद्धिकता पर (ख) दुनिया के विकास पर

(ग) संगणक के प्रयोग पर (घ) मानव अस्तित्व पर

(ii) दिन दूनी, रात चौगनी गति से प्रगति हो रही है- पंक्ति से आशय है - (1)

(क) बहुत ही तेजी से विकास (ख) रात-दिन काम करना

(ग) चारों तरफ विकास होना (घ) बहुत अधिक विकास होना

(iii) निम्नलिखित कथन और निष्कर्ष को ध्यान से पढ़कर दिए गए विकल्प से सही उत्तर चुनकर लिखिए - (1)

कथन - क्वांटम कंप्यूटर की क्षमता सुपर कंप्यूटर से भी अधिक है ।

निष्कर्ष - इससे विकास की गति को अधिक बल मिलेगा ।

(क) कथन सही है लेकिन निष्कर्ष गलत है । (ख) कथन और निष्कर्ष दोनों सही हैं |

(ग) कथन गलत है और निष्कर्ष सही है । (घ) कथन और निष्कर्ष दोनों गलत है।

(iv) जीवन को सरल बनाने में प्रौद्योगिकी की भूमिका स्पष्ट कीजिए । (2)

(v) क्वांटम कंप्यूटर 'अति-सूक्ष्मता' का विज्ञान क्या है ? (2)

**खंड- 'ख'**

3. निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर निर्देशानुसार दीजिए - (4X1=4)

(i) पद और शब्द में अंतर स्पष्ट कीजिए |

(ii) भाषा में शब्दों का क्या महत्त्व है ?

(iii) भाभी ने ज़मीन विवाद के चलते, घर में मचाया दंगल । (अनुस्वार युक्त शब्द छाँटिए)

(iv) भगवाना की माँ बहू की लवंग बेचकर कफ़न खरीद लाई । (वाक्य से अनुनासिक युक्त शब्द छाँट कर लिखिए)

4. निम्नलिखित पाँच शब्दों में से किन्हीं चार शब्दों के सामने लिखे उपसर्ग/प्रत्यय के साथ सुमेलित कीजिए और उसके समक्ष बने कोष्ठकों में सही शब्द संख्या भी लिखिए- (4X1=4)

| | | | |
|---|---|---|---|
| (i) | मिर्चाई | पूर्ण | (   ) |
| (ii) | अधिकार | वि | (   ) |
| (iii) | महत्वपूर्ण | आई | (   ) |
| (iv) | विकास | अर्थ | (   ) |
| (v) | निहितार्थ | अधि | (   ) |

5. निम्नलिखित पाँच में से किन्हीं चार, अर्थ की दृष्टि से वाक्य और विराम चिह्न पर आधारित प्रश्नों के उत्तर दीजिए - (4X1=4)

(i) 'विदेशी होकर भी वह हिंदी बोलती है ।' (विस्मयवाचक वाक्य में बदलिए )

(ii) 'चिड़ियाँ यहाँ आकर दाना चुगती हैं ।' (इच्छावाचक वाक्य में परिवर्तन कीजिए)

(iii) 'रामू बरतन साफ़ करता है ।' (आज्ञावाचक वाक्य में परिवर्तन कीजिए)

(iv) हाँ मैं यह चित्र बना लूँगा (वाक्य लिखकर उसमें विराम चिह्न लगाइए और उनके भेद भी लिखिए)

(v) कर्म के आधार पर क्रिया के दो भेद होते हैं अकर्मक और सकर्मक । (वाक्य लिखकर उसमें विराम चिह्न लगाइए और उनके भेद भी लिखिए)

6. निम्नलिखित पाँच में से किन्हीं चार संधि और नुक्ता पर आधारित प्रश्नों के उत्तर दीजिए - (4X1=4)

(i) वृद्धि संधि का एक नियमानुसार उदाहरण लिखिए ।

(ii) देवी + आगमन ..... (संधि कीजिए और भेद लिखिए )

(iii) 'नाविक' (संधि विच्छेद कीजिए और भेद लिखिए)

(iv) जल + ऊर्मि = जलोर्मि (संधि विच्छेद का भेद लिखिए)

(v) ज़मीन की कीमतें बढ़ती जा रही हैं । (वाक्य में से नुक्ता युक्त शब्द छाँट कर लिखिए)

**खंड- 'ग'**

7. निम्नलिखित गद्यांश को पढ़कर पूछे गए प्रश्नों के लिए सर्वाधिक सटीक विकल्प का चयन कीजिए- (5X1=5)

सन् 1934-35 में गांधीजी वर्धा के महिला आश्रम में और मगनवाड़ी में रहने के बाद अचानक मगनवाड़ी से चलकर सेगाँव की सरहद पर एक पेड़ के नीचे जा बैठे । उसके बाद वहाँ एक-दो, झोंपड़े बने और फिर धीरे-धीरे मकान बनकर तैयार हुए, तब तक महादेव भाई

दुर्गा बहन और चि . नारायण के साथ मगनवाड़ी में रहे | वहीं से वे वर्धा की असह्य गरमी में रोज़ सुबह पैदल चलकर सेवाग्राम पहुँचते थे। वहाँ दिनभर काम करके शाम को वापस पैदल आते थे | जाते-आते पूरे 11 मील चलते थे । रोज़-रोज़ का यह सिलसिला लम्बे समय तक चला | कुल मिलकर इसका जो जो प्रतिकूल प्रभाव पड़ा, उनकी अकाल मृत्यु के कारणों में वह एक कारण माना जा सकता है।

इस मौत का घाव गांधीजी के दिल में उनके जीते जी बना ही रहा। वे भर्तृहरि के भजन की यह पंक्ति हमेशा दोहराते रहे :

'ए रे जखम जोगे नहि जशे'- यह घाव कभी योग से भरेगा नहीं।

बाद के सालों में प्यारेलाल जी से कुछ कहना होता, और गांधीजी उनको बुलाते तो उस समय भी अनायास उनके मुँह से 'महादेव' ही निकलता।

(i) अनायास ही गांधी जी के मुख पर नाम आ जाता था -

(क) प्यारेलाल (ख) महादेव भाई

(ग) शशिकांत भाई (घ) मेहूल भाई

(ii) वर्धा और मगनवाड़ी आश्रम में गांधी जी किस सन में गए थे ?

(क) 1931-32 (ख) 1932-33

(ग) 1933-34 (घ) 1934-35

(iii) महादेव भाई देसाई प्रति दिन पैदल चलते थे -

(क) 9 मील (ख) 10 मील (ग) 11 मील (घ) 12 मील

(iv) जब तक झोंपड़े नहीं बने तब तक महादेभाई किसके यहाँ रहे ?

(क) दुर्गा बहन और चि. नारायण के साथ मगनवाड़ी में रहे।

(ख) शांति बहन और चि. नारायण के साथ आगनवाड़ी में रहे।

(ग) राधाबाई बहन और नारायण के साथ जंगमवाड़ी में रहे।

(घ) दुर्गा बहन और रामेश्वर के साथ मक्खनवाड़ी में रहे।

(v) 'ए रे जखम जोगे नहि जशे'- यह घाव कभी योग से भरेगा नहीं।' भजन है -

(क) मर्तृहरि (ख) भर्तृहरि (ग) हर्तृहरि (घ) जर्तृहरि

8. निम्नलिखित पद्यांश को पढ़कर पूछे गए प्रश्नों के लिए सर्वाधिक सटीक विकल्प का चयन कीजिए- (5X1=5)

ऐसी लाल तुझ बिनु कउनु करै।
गरीब निवाजु गुसईआ मेरा माथै छत्रु धरै।।
जाकी छोति जगत कउ लागै ता पर तुहीं ढ़रै।
नीचहू ऊँच करै मेरा गोबिंदु काहू ते न डरै॥
नामदेव कबीरु तिलोचनु सधना सैनु तरै ।
कहि रविदासु सुनहु रे संतहु हरिजीउ ते सभै सरै॥

(i) ईश्वर के सिर पर छत्र रखने से आशय है -

(क) मनुष्यों को ज़िम्मेदारी का कार्य सौंपना

(ख) वास्तव में ईश्वर ही संसार के स्वामी हैं

(ग) अपनी स्थिति को जताना

(घ) मनुष्य धरती के राजा हैं

(ii) कवि ने समाज में फैली किस समस्या की ओर संकेत किया है ?

(क) सती-प्रथा (ख) विधवा-विवाह (ग) छुआछूत (घ) अशिक्षा

(iii) रैदास जी प्रभु को किसलिए धन्यवाद दे रहे हैं ?

(क) प्रभु द्वारा अपना लिए जाने के कारण ।

(ख) प्रभु द्वारा अभीष्ट इच्छापूर्ति करने के कारण ।

(ग) प्रभु द्वारा ज्ञान देने के कारण ।

(घ) प्रभु द्वारा राजाओं जैसा सम्मान देने के कारण ।

(iv) रैदास के स्वामी की क्या विशेषता है ?

(क) वह तुच्छ व्यक्ति को भी महान बना सकते हैं (ख) वह समदर्शी हैं

(ग) वह असंभव को भी संभव कर सकते हैं (घ) उपर्युक्त सभी

(v) रैदास ने यहाँ निम्न में से किस कवि का उल्लेख नहीं किया है ?

(क) कबीर (ख) बोधा (ग) नामदेव (घ) धन्ना।

9. निम्नलिखित चार में से किन्ही तीन प्रश्नों के उत्तर लगभग 25-30 शब्दों में लिखिए - (2x3=6)

(i) 15-16 मई, 1984 की किस घटना से लेखिका को आश्चर्य हुआ ?

(ii) महादेव भाई के चरित्र से आप कौन-कौन से मूल्य अपनाना चाहेंगे ?

(iii) बुढ़िया की उस विवशता का उल्लेख कीजिए जिसके कारण उसे सूतक में भी खरबूजे बेचने आना पड़ा ?

(iv) लेखक के व्यवहार में आधुनिक सभ्यता की कमियाँ झलकने लगती हैं। इससे आप कितना सहमत हैं, 'तुम कब जाओगे अतिथि' पाठ के आधार पर स्पष्ट कीजिए।

10. निम्नलिखित चार में से किन्ही तीन प्रश्नों के उत्तर लगभग 25-30 शब्दों में लिखिए - (2x3=6)

(i) प्रेमी और उसकी राधा के माध्यम से गीत-अगीत कविता की स्थिति को स्पष्ट कीजिए |

(ii) 'खुशबू रचते हैं हाथ' कविता देश में व्याप्त किस विषमता की ओर संकेत करती है ? इसका सामाजिक विकास पर क्या असर पड़ता है ?

(iii) पठित दोहे के आधार पर बताइए कि आप तालाब के जल को श्रेष्ठ मानते हैं या सागर के जल को और क्यों ?

(iv) 'अग्निपथ' कविता का प्रतिपाद्य अपने शब्दों में लिखिए।

11. निम्नलिखित तीन में से किन्ही दो प्रश्नों के उत्तर लगभग 50-60 शब्दों में लिखिए - (4x2=8)

(i) त्रिपुरा में आदिवासियों के असंतोष की मुख्य वजह पर प्रकाश डालिए ।

(ii) बच्चों में पुस्तकों के पठन की रूचि एवं उनसे लगाव उत्पन्न करने के लिए आप माता-पिता को क्या सुझाव देंगे ?

(iii) लेखिका ने लघु जीव की जान किस तरह बचाई ? उसके इस कार्य से आपको क्या प्रेरणा मिलती है ?

## खंड- 'घ'

12. निम्नलिखित विषयों में से किसी एक विषय पर संकेत बिन्दुओं के आधार पर लगभग 100-120 शब्दों में अनुच्छेद लिखिए - (5)

(क) चुनाव में मतदान का महत्त्व

- चुनाव की आवश्यकता
- मतदान का महत्त्व
- मतदान एक उत्सव
- उपसंहार

(ख) स्वच्छता में आम आदमी की भूमिका

- स्वच्छता क्यों आवश्यक
- स्वच्छता का स्वास्थ्य पर प्रभाव
- हमारी भूमिका
- निष्कर्ष

(ग) यांत्रिक सुविधाओं का पर्यावरण पर प्रभाव

- यांत्रिक सुविधा से अभिप्राय
- यंत्रों की अधीनता
- पर्यावरण पर प्रभाव
- निष्कर्ष

13 (क) आप इस ग्रीष्मावकाश में विद्यालय के तरणताल (स्वीमिंग पुल) में तैराकी सीखना चाहते हैं । इसके शुल्क (फ़ी) व अन्य खर्चों की जानकारी देने और अनुमति माँगते हेतु पिताजी को लगभग 120 शब्दों में पत्र लिखिए | (5)

**अथवा**

(ख) छात्रावास में मिलने वाले भोजन और वहाँ की अन्य सुविधाओं के बारे में लगभग 120 शब्दों में पत्र लिखकर अपनी माताजी को बताइए कि वे चिंताग्रस्त न हों।

14 (क) बिना टिकट यात्रा कर रहे यात्री और टिकट निरीक्षक के बीच हुई बातचीत को संवाद शैली में लगभग 120 शब्दों में लिखिए | (5)

**अथवा**

(ख) समाज में फ़िल्मों का स्तर गिरता जा रहा है। फ़िल्में बनाने का उद्देश्य पैसा कमाना भर रह गया है। इसी संबंध में साहित्यकार और फ़िल्म निर्माता के मध्य हुई बातचीत को संवाद शैली में लगभग 120 शब्दों में लिखिए |

15 चित्र को ध्यानपूर्वक देखकर, मन में उभरे विचारों को समाहित करते हुए लगभग 60-70 शब्दों में चित्र वर्णन कीजिए | (5)

